तापमान
अधिकतम 32.7 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 28 फरवरी 2026

12 खिलाड़ियों को 'ग्रैंड स्लैम' तोहफा, अम्बाला ...



12 सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में बह रही ...



## खबर संक्षेप

### कुवि के आठ शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 8 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में अंग्रेजी विभाग से अमनदीप, कॉमर्स से प्रीति गिल व हिमानी, लॉ से सुभाष चन्द्र वर्मा, फार्मास्युटिकल साइंसेज से संगीता वर्मा, कम्प्यूटर साइंस से अंशू देवी, सांख्यिकी से रितु व मनोविज्ञान से हरपाल सिंह शामिल है।

### किराना की दुकान से नकदी चोरी

**यमुनानगर।** कस्बा बूडिया में चोरों ने करियाने की दुकान का ताला तोड़कर 14 हजार रुपये की नकदी तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बूडिया निवासी राहुल गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कस्बे के मेन बाजार में किराने की दुकान है। वह 26 फरवरी को दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का लगा ताला टूटा हुआ तो और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान के गल्ले से 14 हजार रुपये व सामान गायब मिले।

### आटा चक्की से रुपये व चावल के बैग चोरी



**यमुनानगर।** छोटी लाइन अर्जुन नगर निवासी नरेश कुमार ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी छोटी लाइन पर आटा चक्की है। 19 फरवरी की रात को चोरों ने आटा चक्की की दुकान में घुसकर वहां से छह हजार रुपये तथा 30-30 किलो के चावल के बैग चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक के शव के मामले में पत्नी व साथी पर केस

**यमुनानगर।** जगाधरी की यमुना विहार कॉलोनी में बाथरूम की छत पर मिले 27 वर्षीय गुंजन कुमार के शव के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी सुषमा व एक साथी आकाश सारस्वत के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला हनुमान गेट जगाधरी निवासी दीपक सालोनिया की शिकायत पर दर्ज किया है। हत्या के बाद से ही आरोपी सुषमा व आकाश घर से गायब है। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

धूल, गंदगी और हादसों से परेशान ग्रामीणों ने ट्रकों की आवाजाही पर रोक की मांग की

# खनन सामग्री से भरे टिप्परों को ग्रामीणों ने रोका, मुख्य सड़क पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

खनन कार्य में लगे टिप्परों की मनमानी और उनसे होने वाली परेशानियों से तंग आकर बपोली गांव के ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। पिछले दो वर्षों से धूल, गंदगी और हादसों के साए में जी रहे ग्रामीणों ने शुक्रवार को मुख्य मार्ग पर टिप्परों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। गांव के सरपंच सतीश भारद्वाज ने ग्रामीणों की पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्य मार्ग की चौड़ाई कम होने के बावजूद टिप्पर चालक अत्यधिक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में टिप्परों को सड़क से नीचे उतार दिया जाता है, जिससे लोगों की निजी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंच रहा है। सरपंच ने यह भी खुलासा किया कि इन भारी वाहनों के कारण गांव की पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है।





अंबाला। मुख्य सड़क पर डटे ग्रामीण व गुजरते टिप्पर।

फोटो : हरिभूमि

### टिप्परों को ढकने के नियम सख्त किए जाएं

धूल और गंदगी के कारण ग्रामीणों को दूषित पानी पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी से भरे इन टिप्परों को ढका नहीं जाता, जिससे उड़ने वाली धूल ने दुकानदारों और घर वालों का जीना दूभर कर दिया है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग डेथ ट्रैप बन गया है, क्योंकि उड़ती धूल के कारण दृश्यता कम हो जाती है और दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है। मौके पर पहुंचे एएसआई राजकुमार ने ग्रामीणों की मांगें सुनीं।

### बैरिकेड्स लगा दिए जाएंगे

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक मार्ग पर बैरिकेड्स नहीं लगाए जाते और टिप्परों को ढकने के नियम सख्त नहीं किए जाते, समस्या का समाधान नहीं होगा। एएसआई ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पांच दिनों के भीतर उच्चाधिकारियों से चर्चा कर बैरिकेड्स लगा दिए जाएंगे। इस ठोस आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने जाम खोला और टिप्परों की आवाजाही फिर से शुरू हो सकी। ग्रामीणों का कहना है आएदिन दुर्घटनाएं बढ़ रही है।

पत्नी, साली और सास की हत्या का मामला

# पानीपत में ट्रिपल मर्डर के दोषी को उम्रकैद



5 साल बाद आया फैसला

25 हजार का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के चर्चित ट्रिपल मर्डर केस में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। न्यायाधीश आरके मेहता की कोर्ट ने पत्नी, साली और सास की बेरहमी से हत्या करने वाले नूरहसन उर्फ राजू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इसे जघन्य अपराध मानते हुए दोषी पर 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना न भरने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। साथ ही धारा 201, साक्ष्य मिटाना में 3 साल की कैद और 5 हजार रुपये जुर्माना सुनाया है। जुर्माना न भरने पर 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला सितंबर 2020 का है। गांव चुलकाना निवासी नूरहसन समालखा में किराये के मकान पर रहता था।

पुलिस पूछताछ और अदालती कार्रवाई के दौरान यह सामने आया कि नूरहसन अपनी पत्नी मधु के चरित्र पर शक करता था। 4 सितंबर 2020 को पत्नी के साथ विवाद और साली मनीषा द्वारा पुलिस में शिकायत करने की धमकी के बाद नूरहसन ने बदला लेने की साजिश रची। 5 सितंबर 2020 की रात नूरहसन ने अपनी पत्नी मधु और साली मनीषा को पेप्सी में नींद की गोलियां मिलाकर पिला दीं। जब वे बेसुध हो गईं तो आरोपी ने कुल्हाड़ी से वार कर दोनों की हत्या कर दी। साक्ष्य मिटाने के लिए उसने पत्नी के शव को रेलवे लाइन के पास जला दिया और साली के शव के साथ रेप करने के बाद उसे गंदे नाले में फेंक दिया। क्रूरता का सिलसिला यहीं नहीं थमा। जब आरोपी की सास जमीला ने अपनी बेटियों के बारे में पूछताछ की तो 8 सितंबर 2020 की रात नूरहसन उन्हें भी समझाने के बहाने बाइक पर ले गया और रास्ते में गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। उसने अपनी सास के शव के साथ भी दरिंदगी की और पहचान छुपाने के लिए उसे पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए थे, जो कोर्ट में दोषी को सजा दिलाने में निर्णायक साबित हुए।

### नागरिक अस्पताल में जमकर चले लात-घूंसे, दो नर्सिंग ऑफिसर और सिक्योरिटी गार्ड जख्मी

**अंबाला।** अंबाला छावनी स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को ओपीडी के बाहर दो पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के कपड़े तक फाड़ दिए। मारपीट में दो नर्सिंग ऑफिसर और एक सुरक्षाकर्मी घायल हुए। दूसरी ओर नर्सिंग छात्रा और उसकी मां ने भी गंभीर चोटें आने के साथ दुर्व्यवहार के आरोप लगाए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। विवाद वीरवार को हुई एक मामूली बहस के बाद हुआ। प्राइवेट वार्ड में दवा लेने को लेकर ट्रेनिंग पर आई नर्सिंग छात्रा निशा और नर्सिंग ऑफिसर मनप्रीत के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। इस मामले के निपटारे और जांच के लिए शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे पीएमओ डॉ. पूजा पेंटल ने दोनों पक्षों को अपने कार्यालय बुलाया था। लेकिन सुलह होने के बजाय ओपीडी के पास पहुंचते ही दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। मामला झड़प में बदल गया। अस्पताल परिसर में हुई इस भिड़ंत के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर संगीन आरोप लगाए। नर्सिंग ऑफिसर मनप्रीत, मीनाक्षी और सिक्योरिटी गार्ड जसप्रीत का कहना है कि छात्रा और उसकी मां ने उन पर हमला किया और ड्यूटी ड्रेस फाड़ दी। शाहाबाद की छात्रा निशा और उसकी मां सुनीता का आरोप है कि अस्पताल के स्टाफ ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और बदसलूकी की। पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

■ पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की, अभी तक किसी के खिलाफ दर्ज नहीं हुआ केस

### यमुनानगर में युवक को जान से मारने का प्रयास अस्पताल में उपचाराधीन

**यमुनानगर।** कस्बा व्यासपुर के नीलकंड पैलेस के पास रंजिश के चलते करीब दर्जन भर युवकों ने सैनी मोहल्ला व्यासपुर निवासी निखिल सैनी को पीट कर जान से मारने का प्रयास किया। गंभीर रूप से घायल निखिल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद करीब दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सैनी मोहल्ला व्यासपुर निवासी निखिल सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले कस्बे के ही हर्ष बोहट व अनिकेत बोहट के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य साथियों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। निखिल ने बताया कि 25 फरवरी को शाम साढ़े छह बजे वह नीलकंड पैलेस के नजदीक किसी काम से गया था। आरोपी हर्ष बोहट, अनिकेत बोहट साथियों हनी बोहट, ईलू, राहुल कुमार, साहिल कुमार, जशन, आदित्य, गौरव, दीपक तथा अक्षय के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया।

## बाजार में युवकों का हुड़दंग, भीड़ ने एक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

तेज रफ्तार बाइक चलाकर दहशत फैलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

मेन बाजार में शुक्रवार को कुछ युवकों पर तेज रफ्तार बाइक चलाकर हुड़दंग मचाने, दहशत फैलाने और मारपीट का प्रयास करने के आरोप लगे है। दुकानदार नरेश जैन ने इन युवकों की शिकायत पुलिस को सौंपी है। पुलिस को दी शिकायत में मेन बाजार में गिफ्ट गैलरी की दुकान करने वाले नरेश ने कहा कि वह अपनी दुकान पर थे। दोपहर करीब 1 बजे एक बाइक पर



सवार दो युवक तेज गति से बाइक चलाते हुए और शोर-शराबा करते हुए बाजार से निकले। दुकानदारों द्वारा उन्हें ऐसा करने से मना किया गया तो उन्होंने गाली-गलौच शुरू कर दी। शोर सुनकर बाजार के अन्य लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। भीड़ को इकट्ठा होता देख दोनों युवक मौके से फरार हो गए।उस के बाद करीब 3:30 बजे वही युवक अपने अन्य साथियों के साथ दो बाइक पर सवार होकर दोबारा बाजार में पहुंचे। नरेश जैन ने कहा की इस दौरान एक युवक ने बाइक पर चलते-चलते मेरे बेटे शुभम पर पंच से हमला करने का प्रयास किया। घटना के बाद बाजार के लोग एकजुट हो गए और युवकों को पकड़ने का प्रयास किया। भीड़ ने एक युवक को मौके पर पकड़ लिया, अन्य साथी फरार होने में सफल रहे। पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ द्वारा पकड़े गए युवक को पुलिस को सौंप दिया गया।

### पति से मिलने आई महिला की कार की टक्कर लगने से मौत

**यमुनानगर।** अस्पताल में भर्ती पति को देखने आई महिला की शहर के सिविल अस्पताल के नजदीक कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। यूपी के जिला सुल्तानपुर निवासी 50 वर्षीय राजकुमारी अपने गांव में रहती है। जबकि उसका पति पंचनारायण अपने बेटे प्रदीप के साथ शहर की आजाद नगर कॉलोनी में रहता है। पंचनारायण काफी दिनों से बीमार था जिसे देखने गई थी।

### उधम प्रीत सिंह की कनाड़ा में सड़क हादसे में मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर के छोटा मॉडल टाउन निवासी 24 वर्षीय उधम प्रीत सिंह की कनाड़ा में सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में उधम प्रीत सिंह का साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतक उधम प्रीत सिंह वर्ष 2021 में स्टडी वीजा पर कनाडा गया था। इस समय वह ब्रंपटन में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ काम भी कर रहा था। उधम प्रीत सिंह की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिवार के सदस्यों का रो रो कर बूरा हाल है। मृतक के पिता छोटा मॉडल टाउन निवासी गुरविंद्र सिंह ने बताया कि



युवक ब्रंपटन में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ काम भी कर रहा था

वह सिंह कलर लैब के नाम से फोटोग्राफी का व्यवसाय करता है। उसने 2021 में अपने इकलौते बेटे उधम प्रीत सिंह को स्टड़ी वीजा पर कनाडा भेजा था। उधम बचपन से ही विदेश जाकर पढ़ाई और काम करने का सपना देखता था। काम से दो दिन की छुट्टी होने के कारण उधम अपने दोस्त के साथ कार में सवार होकर टोरांटो घूमने जा रहा था।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ा

**पानीपत।** अहर गांव निवासी दो भाइयों को अमेरिका भेजने का झांसा देकर 54.75लाख रुपये की ठगी करने मामले में गिरोह के चौथे आरोपी राहुल निवासी शेखपुरा करनाल को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। उरलाना चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोबिन ने बताया कि पानीपत पुलिस ने आरोपी राहुल का लुकआउट नोटिस जारी करवाया हुआ था। आरोपी राहुल वीरवार को विदेश जाने के लिए दिल्ली एयरपोट गया तो इमीग्रेशन विभाग ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पानीपत पुलिस आरोपी राहुल को काबू कर लिया।

### पानीपत: वेतन बढ़वाने व अन्य मांगों को लेकर रिफाइनरी में मजदूरों की हड़ताल जारी



**पानीपत।** रिफाइनरी के ठेका मजदूरों की हड़ताल आज पांचवे दिन भी जारी रही। भारी संख्या में मजदूर वेतन बढ़वाने व अन्य मांगो को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। आज हड़ताली मजदूरों को सीटू राज्य महासचिव जय भगवान, सचिव सुनील दत्त, विनोद, जगपाल राणा, किसान सभा के नेता डॉ.सुरेंद्र मलिक, खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव राजेंद्र छोकर, आंगनवाड़ी यूनियन सचिव बिजनेश राणा, ग्रामीण चौकदार सभा के राज्य प्रधान मदन कालरा व मासा संगठन के नेताओं ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए संगठन नेताओं ने कहा कि आईओसीएल पानीपत रिफाइनरी प्रबंधन ओर ठेकेदार मिलकर मजदूरों का भयंकर शोषण कर रहे हैं। 30000 के करीब ठेका मजदूर हैं लेकिन किसी प्रकार से श्रम कानूनों की अनुपालना नहीं की जा रही। पिछले 5 साल से मजदूरों के वेतन में कोई बढ़ौतरी नहीं की गई है। 12 घंटे ड्यूटी करवाई जा रही है जबकि ओवर टाइम का डबल वेतन नहीं मिलता। संगठन नेताओं ने कहा कि सरकार व प्रबंधन वेतन बढ़ोतरी करे।

### कार हटाने को लेकर विवाद, तेजधार हथियारों से हमला

**यमुनानगर।** शहर की फ्रेंडस कॉलोनी में गली में खड़ी एक कार को हटाने को लेकर हुए विवाद में बाप बेटे ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर व्यक्ति पर हमला कर दिया। हमले में सिर में रॉड लगने से वह घायल हो गया। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। चार आरोपियों को नामजद करते हुए चार अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की फ्रेंडस कॉलोनी निवासी ईश कुमार ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह स्कूल बैग का काम करता है। रात करीब साढ़े 11 बजे वह बाजार से गाड़ी में घर लौट रहा था। गली में आशु दुआ ने अपनी इनोवा कार गली के बीच में खड़ी कर रखी थी। इसी को लेकर विवाद बढ़ गया।

केयू में सांख्यिकी विभाग की कार्यशाला संपन्न, प्रो. वीरेन्द्र पाल बोले

## आज प्रत्येक क्षेत्र सांख्यिकीय विश्लेषण पर आधारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में सांख्यिकी एवं परिचालन अनुसंधान विभाग द्वारा डेटा एनालिटिक टेक्नीक्स यूजिंग एसपीएसएस एवं आर विषय पर 23 से 27 फरवरी, 2026 तक आयोजित एक सप्ताह की कार्यशाला का समापन विभाग के पीसी महालनोबिस सभागार में वेलेडिक्ट्री समारोह के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यशाला कौशल विकास केंद्र के सहयोग से आयोजित की गई। मुख्य अतिथि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि आज का युग डेटा-आधारित निर्णयों का युग है और प्रत्येक क्षेत्र चाहे वह शिक्षा हो, प्रशासन हो या




कुरुक्षेत्र। मुख्य अतिथि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

उद्योग सांख्यिकीय विश्लेषण पर आधारित है। विवि छात्रों एवं शोधार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं न केवल तकनीकी दक्षता प्रदान करती हैं, बल्कि प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच एवं समस्या-समाधान क्षमता का विकास भी करती हैं। सांख्यिकी जैसे विषय का महत्व भविष्य में और अधिक बढ़ेगा, विशेषकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग एवं बिग डेटा के क्षेत्र में।

### 88 प्रतिभागियों ने लिया भाग

कार्यशाला में कुल 88 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा उन्हें एसपीएसएस एवं आर सॉफ्टवेयर के माध्यम से डेटा प्रबंधन, परिकल्पना परीक्षण, प्रतिगमन विश्लेषण, बहुविवरणी तकनीकों एवं व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते कहा कि विभाग सदैव शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं कौशल विकास के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों की वर्तमान शोध आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई थी, ताकि उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हो। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कौशल विकास केंद्र के सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया और आयोजन समिति, संसाधन व्यक्तियों तथा तकनीकी स्टाफ के योगदान की सराहना की।

### शोध में नैतिकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं

उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे अर्जित ज्ञान को अपने शोध एवं व्यावसायिक जीवन में प्रभावी रूप से लागू करें। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रो. संगीता अरोड़ा विभाग सांख्यिकी, पंजाब यूनिवर्सिटी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर में दक्षता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास, शोध की नैतिकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के आगमन एवं पुष्प स्वागत के साथ हुआ। कार्यशाला के संयोजक प्रो. एम. एस. कादयान ने स्वागत करते हुए पांच दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

यमुनानगर में पांच दिवसीय किसान प्रशिक्षण संपन्न

## प्याज-लहसुन की कटाई उपरांत प्रबंधन तकनीक की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र सलारू, करनाल द्वारा पांच दिवसीय किसान प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, दामला में हुआ। कार्यक्रम एकीकृत बागवानी विकास मिशन हरियाणा सरकार के अन्तर्गत प्याज की उन्नतशील प्रजातियां, उत्पादन तकनीकी एवं कटाई उपरान्त प्रबंधन विषय पर था। राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र नई दिल्ली के सहायक निदेशक डॉ. सुधीर सिंह, एवं तकनीकी अधिकारी डॉ. विमलेश कुमार करनाल ने मुख्य अतिथि जिला उप निदेशक कृषि डॉ. आदित्य प्रकाश डबास व विशिष्ट अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र दामला के समन्वयक डॉ. संदीप रावल, जिला उद्यान अधिकारी डॉ. विरेन्द्र पुनिया मौजूद रहे। निदेशक कृषि डॉ. आदित्य प्रकाश डबास ने प्याज एवं लहसुन की खेती को बढ़ावा देने के लिये राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के योगदान की सराहना की एवं किसानों को कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं से अवगत कराया। प्याज लहसुन एवं विभिन्न सब्जियों में लगने वाले कीट एवं रोग व खरपतवार नियंत्रण की जानकारी दी गई।

सब्जियों में लगने वाले कीट एवं रोग व खरपतवार नियंत्रण की जानकारी दी



यमुनानगर। कृषि केन्द्र दामला में कार्यक्रम में मौजूद किसान व अन्य।

फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## सूर्य घर योजना के तहत लगाए 4264 सोलर: प्रीति



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना के तहत सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 13 फरवरी 2024 को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ किया गया था। इस स्कीम के तहत प्रति किलोवाट रूफटाप सोलर लगवाने पर 30 हजार रुपये सब्सिडी प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री सैनी ने इस स्कीम को और बढ़ावा देते हुए केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा अंत्योदय परिवार के लिए रुपये 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी देने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि सरकारी कर्मचारियों, एचकेआरएन जॉब सिक्योरिटी के साथ एवं तीन साल से गैर डिफाल्टर उपभोक्ता को प्रति किलोवाट 19 हजार 500 रुपये अधिकतम 5 किलोवाट तक 97 हजार 500 रुपये का इंटरेस्ट फ्री फाईनेंशियल असिस्टेंट दिया जाएगा। अभी तक जिले में 4264 रूफ टॉप सोलर पीएम सूर्य घर योजना के तहत लगाए जा चुके हैं।

## एसडी कॉलेज में रेड क्रास प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हो गया। जिसके अंतिम दिन की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई जिसे मुख्य अतिथि संजय धत्रेवाल जॉइंट.कमिशनर नगर निगम पानीपत ने फहराया और वाईआरसी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रधान दिनेश गोयल, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल और प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने पौधा.रोपित गमलें भेंट करके किया। उनके साथ रेडक्रॉस से रमेश डीटीओ, कला देवी और फर्स्ट.ऐड ट्रेनर सोनिया शर्मा भी उपस्थित रही। हरमेश चंद कैंप निदशक ने कार्यक्रमों की उपयोगिता की समीक्षा की।

## मजदूरों की समस्या का शीघ्र समाधान जरूरी : राय

**पानीपत।** पानीपत नागरिक मंच के महासचिव राम मोहन राय ने आज एक ब्यान में कहा कि पानीपत सैकड़ों वर्षों से हाथकरघा उद्योग का गढ़ रहा है। हालांकि पिछले कुछ दशकों में पानीपत रिफाइनरी और नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड एनएफएल ने इस ऐतिहासिक शहर को औद्योगिक नक्शे पर नई ऊंचाई दी है। इन बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने रोजगार के नए अवसर पैदा किए, परंतु इनके साथ ही एक गंभीर समस्या भी उभरी है प्रवासी मजदूरों की दयनीय स्थिति। रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर विभिन्न प्रांतों से आए अतिथि मजदूर हैं। उन्हें बेहद कम मजदूरी और अत्यंत अस्वास्थ्यकर वातावरण में रहना पड़ता है। वास्तव में ये मजदूर प्रवासी नहीं बल्कि अतिथि मजदूर हैं। प्रशासन, शासन और समस्त नागरिक समाज को इस समस्या की गंभीरता समझनी चाहिए। ठेका मजदूरों को रजिस्टर्ड करने, न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करने, रहने की स्वच्छ सुविधाएं उपलब्ध कराने और सामाजिक सुरक्षा देने की दिशा में तत्काल कदम उठाए जाएं।

## आर्य कॉलेज में विज्ञान दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं

**पानीपत।** विश्व विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आर्य कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग ने आज पोस्टर मेकिंग एवं पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। पोस्टर मेकिंग में भूमि, भावना, अंजली, तान्या ने संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार, रितु, मानसी, तनिषा, आशु व स्वाति ने द्वितीय पुरस्कार, वहीं अंशुल, दीपांशी, ईशा, शीतल व ईशा शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन में पहला स्थान आर्यन व तान्नया ने, दूसरा टीना व किटटू , तीसरा तृषा व श्रेया ने जीता।

# वर्षों बीतने पर भी नहीं मिली यमुनानगर को एक्सप्रेस-वे की सौगात

## यमुना में गिर रहे कैमिकल्स युक्त पानी के संशोधन के लिए बजट में कॉमन इनफ्ल्यूनेंश ट्रीटमेंट प्लांट जिले में लगाने की मांग

- बजट 2026 में जिले के लोगों को ट्रक अड्डा, नए सड़क मार्गों व यमुनानगर से कुरुक्षेत्र तक फोरलेन मार्ग की मिले सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

तीन दशक से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी यमुनानगर को देश की राजधानी से जोड़ने वाले एक्सप्रेस-वे की सौगात नहीं मिली है। वहीं, यमुनानगर की दशकों से उठ रही ट्रक अड्डा बनाए जाने, कॉमन इनफ्ल्यूनेंस ट्रीटमेंट प्लांट व यमुनानगर से कुरुक्षेत्र तक फोरलेन बनाए जाने वाले मार्ग समेत अन्य मांगे वर्षों से ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। शहर के अलावा जिले के गांवों में भी विकास परियोजनाएं अधर में लटकी हुई है।जिले के लगभग सभी गांवों की सड़के खस्ताहाल में है। इसके अलावा सड़कों पर लाइटों की व्यवस्था भी पूर्ण नहीं हैं। ऐसे में लोगों को आम बजट से काफी उम्मीदें है। जिले के लोग 2 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में पेश किए जाने वाले आम बजट में उक्त मांगे पूरा होते देखना चाहते हैं। इस संबंध में हरिभूमि ने विभिन्न वर्गों से बात की तो उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### एक्सप्रेस-वे की है बड़ी जरूरत

आम आदमी पार्टी के विस नेता ललित त्यागी ने बताया कि वर्ष 1994-95 में तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. भजन लाल द्वारा यमुनानगर से दिल्ली के बवाना तक यमुना नदी के किनारे एक्सप्रेस-वे परियोजना के बनाए जाने की घोषणा की थी।



इस परियोजना के लिए सर्वे भी हो चुका था। उस समय इस परियोजना पर करीब आठ हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाने थे। परियोजना से यमुनानगर-जगाधरी में स्थित हजारों स्टील व प्लाइवुड इंडस्ट्री का कारोबार बढ़ेगा। वहीं, राजधानी दिल्ली से जिले के लोगों की सीधी कनेक्टिविटी के साथ-साथ हरियाणा के अन्य हिस्सों में जाना आसान हो जाएगा और यमुनानगर से सटे हिमाचल, उत्तराखंड और पश्चिमी यूपी के शहरों की भी दिल्ली से दूरी कम हो जाएगी। मगर परियोजना को अभी तक शुरु नहीं किया गया। उनका कहना है कि वर्ष 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी इस परियोजना की फाइल निकालकर इस पर कार्य शुरु करने का प्रयास किया। मगर इसके बाद आज तक अभी तक परियोजना पर काम शुरू नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में लोगों की यह उम्मीद पूरी होती है या नहीं यह अभी भविष्य के गर्भ में है।

### ट्विन सिटी में बने कॉमन इनफ्ल्यूनेंश ट्रीटमेंट प्लांट

उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी व यमुना समिति के सदस्य संजय मित्तल का कहना है कि जिले में प्लाइवुड, स्टील समेत अन्य



हजारों फैक्ट्रियां हैं। अधिकांश फैक्ट्रियों का कैमिकल्स युक्त पानी यमुना नदी व यमुना नहर में जा रहा है। यमुना समिति द्वारा वर्ष 2012 से जिले में कॉमन इनफ्ल्यूनेंश ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाने की मांग की जा रही है। ताकि फैक्ट्रियों का कैमिकल्स युक्त पानी को उसमें ट्रीटमेंट किया जा सके। उनका कहना है कि वर्ष 2014 में विधानसभा चुनाव का प्रचार करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुना को गंगा व साबरमती की तर्ज में साफ किए जाने और उस पर घाट बनाए जाने का संकल्प लिया था। मगर अभी तक यमुना नदी पर कोई काम नहीं हो सका है। यमुना बचाओ संघर्ष समिति इस बार बजट में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से यमुना नदी पर गंगा की तर्ज पर घाट बनाए जाने और कॉमन इनफ्ल्यूनेंश ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाने की घोषणा चाहती है। ताकि यमुना में पवित्र जल प्रवाह होता रहे और लोगों की आस्था को ठेस लगने से छुटकारा मिल सके।

### रादौर से कुरुक्षेत्र तक बने फोरलेन

वरिष्ठ समाजसेवी मनीष मलिक का कहना है कि रादौर से कुरुक्षेत्र तक



वर्षों से फोरलेन बनाए जाने की मांग चल रही है। क्योंकि रादौर से कुरुक्षेत्र मार्ग पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा समेत विभिन्न प्रांतो के रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। मार्ग तंग होने से आए दिन हादसे का डर रहता है। इसलिए इस बार के बजट में फोरलेन बनाए जाने की घोषणा करनी चाहिए।

## श्रीराम पार्क के सौंदर्यीकरण कार्यों का मेयर ने किया निरीक्षण

# निर्धारित मानकों के अनुरूप हों पार्क सौंदर्यीकरण कार्य : बहमनी

मेयर ने पार्क में हरियाली विकास, पाथ वे, बैठने की व्यवस्था, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाओं की पूर्ण समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम की ओर से शहर के पार्कों व सार्वजनिक स्थलों को सुंदर,स्वच्छ और नागरिकों के अनुकूल बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड नंबर 22 की सरोजनी कॉलोनी स्थित श्री राम पार्क में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आरडब्ल्यू के पदाधिकारियों व निगम अधिकारियों के साथ पार्क में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने आरडब्ल्यू के सभी पदाधिकारियों द्वारा पार्क को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मेयर सुमन बहमनी ने आरडब्ल्यू, के प्रधान घनश्याम दास, सतीश बजाज व निगम के जेई अभिषेक के साथ पार्क में किए जा रहे हरियाली विकास, पाथ-वे बैठने की व्यवस्था, साफ. सफाई लाइटिंग और बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्कों का सौंदर्यीकरण केवल निर्माण कार्य तक सीमित न रहकर उनके नियमित रखरखाव, स्वच्छता और सुरक्षा से भी जुड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों की सहभागिता से ही किसी भी सार्वजनिक स्थल को बेहतर बनाया जा सकता है। यदि नागरिक स्वयं आगे आकर पार्कों की देखभाल करें, तो शहर की पहचान और जीवन गुणवत्ता दोनों में सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि शहर में सभी विकास कार्यों पर त्वरित आधार पर कार्य हो रहा है।आमजन की समस्याओं को देखते हुए शहर में समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।



यमुनानगर। श्रीराम पार्क में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### स्थानीय नागरिकों एवं वरिष्ठजनों से किया संवाद

निरीक्षण के दौरान मेयर ने पार्क में मौजूद स्थानीय नागरिकों एवं वरिष्ठजनों से आत्मीय संवाद किया और उनसे पार्क से जुड़ी आवश्यकताओं, सुविधाओं और समस्याओं को लेकर सुझाव भी लिए। नागरिकों ने पार्क में और अधिक हरियाली, नियमित सफाई, स्ट्रीट लाइट व बच्चों के लिए अतिरिक्त खेल उपकरण लगाने की मांग रखी। मेयर ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना लोगों का दायित्व

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हम सबका सामूहिक दायित्व है कि अपने आसपास के पार्कों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित बनाए रखें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करेए कचरा निर्धारित स्थान पर डालें और स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही यमुनानगर को एक स्वच्छ, सुंदर और आदर्श शहर के रूप में विकसित किया जा सकता है।

# एआई ग्लोबल लीडरशिप के प्रति जिम्मेदारी: डॉ.भल्ला



यमुनानगर। व्याख्यान में वक्ताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते आयोजक।

- खालसा कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत के लिए कैटलिस्टश विषय पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कालेज यमुनानगर में केमिस्ट्री व फिजिक्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत के लिए कैटलिस्टश विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने भाग लिया।

प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने कहा कि भारत देश जो युवाओं, डायवर्सिटी और इंटेलेक्चुअल कैपिटल से एम्पावर्ड है। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ एक मौका नहीं है। बल्कि यह ग्लोबल लीडरशिप के प्रति एक जिम्मेदारी है। आज का जमावड़ा केवल एक अकेडमिक फार्मेलिटी नहीं है। यह नॉलेज और नेशन बिल्डिंग के बीच एक डायलॉग है। यह वह जगह है जहां आइडिया और जिम्मेदारी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि एआई देश के खास सेक्टर्स में टेक्नोलॉजी में तरक्की, प्रोडक्टिविटी बढ़ाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर इन लक्ष्यों को पाने में एक पावरफुल इनेबलर के तौर पर काम करता है। मौके पर वाइस प्रिंसीपल डॉ. प्रतिमा शर्मा और आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. कैथरीन मसीह ने भी व्याख्यान में अपने विचार प्रक्ट किए। वहीं, महर्षि मार्केंडेश्वर इंजीनियरिंग कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पुनीत बंगा आत्मनिर्भर भारत अभियान के विजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. मंदीप कौर व डॉ. वर्षा निगम ने अतिथियों का धन्यवाद किया। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने आयोजकों द्वारा व्याख्यान का आयोजन करने पर सराहना की।

# ‘समान काम समान वेतन’ की मांग पर बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

- बिजली निगम कार्यालय में 2 घंटे किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

बिजली निगम कार्यालय रादौर में शुक्रवार को एचएसईबी वर्कर यूनियन के बैनर तले केंद्रीय कार्यकारिणी के आदेशानुसार 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता यूनिट प्रधान कर्म सिंह द्वारा की गई। कर्मचारियों ने नारेबाजी कर सरकार व प्रशासन के विरूद्ध अपना रोष प्रकट किया। कार्यक्रम में कर्मचारियों की मांगों पर विचार किया गया। जिसमें प्रमुख मांगे मुख्य रूप से डीसी रेट के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को समान काम समान वेतन, कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। जो की 18 साल से बिजली बोर्ड में कार्य कर रहे है। एचआरएमएस कोड बनाने, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, रिस्क अलाउंस व इसके अलावा बहुत सी मांगों के बारे में बैठक का आयोजन किया गया। 2 मार्च को यमुनानगर सर्कल में होने वाली विशाल मशाल यात्रा में सम्मिलित होने का सभी कर्मचारियों से आग्रह किया गया। इस अवसर पर सब यूनिट प्रधान प्रवेश सैनी, उपप्रधान अभिलाष शमा, सचिव मोहन लाल, ब्लॉक प्रधान राजेश कुमार, ओमप्रकाश, विवेक, अमित जेई, राजेश जेई, सतपाल, अंग्रेज कुमार, विक्रम, निर्मल, संजय शर्मा, पलटू साहिब, मंजेश, राजकुमार आदि मौजूद रहे।



रादौर। कार्यालय में प्रदर्शन करते बिजली निगम के कर्मचारी।

### मेगा फॉर्मा जॉब फेयर में 11 विद्यार्थियों का चयन



रादौर। मेगा जॉब फेयर में चयनित हुए विद्यार्थियों की फोटो। फोटो : हरिभूमि

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित मेगा फार्मा जाब फेयर 2026 में ग्यारह विद्यार्थियों का चयन किया गया। संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल, वाइस चेयरमैन इंदू जिंदल व प्रिंसीपल डॉ. अश्विनी कुमार समेत तमाम स्टाफ सदस्यों ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना। प्रिंसीपल डॉ. अश्विनी कुमार ने बताया कि एनबी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बी.फार्मेसी अंतिम वर्ष के छात्र शिवम, फराज अहमद, ओसामा, नीलम कुमारी, शीतल, दीक्षांत, कृतिका शर्मा, उसमी खत्री, हिमांशु श्रीवास्तव व मोहम्मद नवाब को विभिन्न पदों के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त रितिक धूरिया का चयन लर्निंग रूट्स प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। चेयरमैन एसके जिंदल ने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता की प्रमाणिकता को दर्शाती हैं।

### वेस्ट मैनेजमेंट का पालन कर कचरे का करें निपटान

**यमुनानगर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में शहर की बेहतर रैंकिंग दिलाने को लेकर नगर निगम कार्यालय में बीडब्ल्यूजी (बल्क वेस्ट जनरेटर) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आने वाले नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न होटल, मैरिज पैलेस, रेस्टोरेंट और ढाबा के संचालकों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त धीरज कुमार ने अध्यक्षता की। मौके पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रूति, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल व स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन मौजूद रहे। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बैठक में निर्देश दिए कि वे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट अर्थात एसडब्ल्यूएम अधिनियम 2016 और बीडब्ल्यूजी गाइडलाइन 2017 के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संस्थानों से निकलने वाले गीले कचरे से परिसर में ही खाद तैयार की जाए और सूखे कचरे का पृथक रूप से निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही रीसाइक्लेबल कचरे को केवल अधिकृत रीसाइक्लर तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन ने कार्यशाला में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान की भी जानकारी दी।



यमुनानगर। बैठक में भाग लेते हुए विभिन्न संस्थानों के संचालक।

# शराब घोटाला मामले में सच्चाई की हुई जीत: त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिल्ली के कथित शराब घोटाले मामले में सीबीआई कोर्ट द्वारा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बरी किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया। इस फैसले पर आम आदमी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ललित त्यागी ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे सत्य और न्याय की जीत बताया।

उन्होंने कहा कि अदालत के फैसले ने यह साबित कर दिया है कि लगाए गए आरोप राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित थे।त्यागी ने आरोप लगाया कि भाजापा राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कमजोर करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेती रही है। लेकिन न्यायपालिका ने सच्चाई को सामने लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय के समक्ष सीबीआई कथित शराब घोटाले से संबंधित ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं कर पाई। जिसके चलते अदालत ने दोनों नेताओं को बरी कर दिया। यह फैसला लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है। त्यागी ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा ईमानदार राजनीति और पारदर्शी शासन की पक्षधर रही है।



यमुनानगर। शराब घोटाले में केजरीवाल व सिसोदिया को मिली जीत के बाद खुशी मनाते पार्टी के कार्यकर्ता।

## डीपीएस में अभिभावक-शिक्षक समन्वय समिति की हुई बैठक

# अभिभावकों को बच्चों की प्रगति रिपोर्ट से कराया अवगत

बैठक में शैक्षणिक उपलब्धियों व परिणामों व खेलकूद उपलब्धियों का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में सहभागिता एवं सकारात्मकता का रंगोत्सव विषय पर अभिभावक-शिक्षक (पीटीसीसी) समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षकों व अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध उपाध्यक्ष रामनिवास गर्ग ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने बताया कि बैठक के आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के मध्य सुदृढ़ सहभागिता स्थापित करना तथा शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना रहा। इस दौरान बैठक में निम्न प्रमुख विषयों शैक्षणिक उपलब्धियों एवं परिणामों का विश्लेषण पाठ्यक्रमीय व खेलकूद उपलब्धियों का अवलोकन किया गया। वहीं, शिक्षकों ने बच्चों के अभिभावकों के साथ सुरक्षा उपाय,आगामी सत्र 2026-27 की शैक्षणिक योजनाओं,मुक्त विचार-विमर्श (ओपन हाउस)विद्यालय के समन्वयकगण, विभागाध्यक्षों एवं विद्यालय परामर्शदाता ने सक्रिय सहभागिता करते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मौके पर बैठक में सत्र 2025-26 के चयनित पीटीसीसी एवं एससीसी सदस्यों ने भी अपने सुझाव प्रदान किए। मौके पर बच्चों को रंगो के प्रति बताया गया। प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने बताया कि बैठक के दौरान सहभागिता का प्रतीक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के अभिभावकों ने एक रंग का चयन कर विद्यालय से अपनी एक अपेक्षा लिखी तथा उसे सहभागिता दीवार पर प्रदर्शित किया। प्रत्येक रंग एक विशिष्ट भावना का प्रतिनिधित्व कर रहा था। जिसमें लाल रंग शिक्षा के प्रति उत्साह एवं समर्पण दर्शाया गया। वहीं, हरा रंग को सतत विकास, पीला रंग को सकारात्मक दृष्टिकोण, नाला रंग को विश्वास एवं पारदर्शिता, गुलाबी को करुणा एवं संवेदनशीलता का प्रतीक बताया गया। रामनिवास गर्ग ने कहा कि विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए समय समय पर इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं। उन्होंने सभी का धन्यवाद किया।



यमुनानगर। अभिभावक-शिक्षक बैठक में भाग लेते हुए शिक्षक व अभिभावक।

## खबर संक्षेप



### पुष्प वर्षा कर प्रभातफेरी का किया स्वागत

**शाहबाद।** रामनवमी के उपलक्ष में नगर के श्रीबैकुंठपुरी हनुमान मंदिर से प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम प्रभात फेरी नगर के में बाजार स्थित देवेंद्र सिंगल और ठाकुरद्वारा मंदिर के सदस्यों द्वारा ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में पहुंची जहां आयोजक द्वारा पुष्प वर्षा करके सभी राम भक्तों का स्वागत किया गया। प्रांत मंदिर सभा के पूर्व प्रधान अशोक सेठी, सुधीर मंदिर सभा के प्रधान ने भगवान राम और हनुमान जी के सुंदर-सुंदर भजन का गुणगान किया। मंदिर सभा की ओर से आयोजकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### संकीर्तन में जमकर झूमे श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण कृपा गौशाला में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन का शुभारंभ श्रीराम अस्पताल के डॉक्टर अनुज भाटिया उनकी धर्मपत्नी छाया कुमारी तथा अशोक चावला अंबाला निवासी ने दीप प्रज्वलित करके किया। अतिथियों ने भागवत जी आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। प्रसिद्ध कथावाचक गोविंद मोद्गिल शास्त्री जी ने अतिथियों को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। श्री कृष्ण कृपा गौशाला समिति के प्रधान सुनील वत्स तथा अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

### बुजुर्गों की सेवा भगवान की सच्ची सेवा : सचिन

**लाडवा।** बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में शुक्रवार को बहुमंजिला वाशरूम के नवीन ब्लॉक का पहला लेंटर डाला गया। समाजसेवी सचिन गर्ग ने पूजन के बाद लड्डू बांटकर लेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बोलते हुए समाज सेवी सचिन गर्ग ने कहा कि बेसहारा बुजुर्गों की सेवा भगवान की सच्ची सेवा है। उन्होंने बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के लिए उपलब्ध कराई जा रही बेहतरीन सुविधाओं की सराहना की।

### राजकीय आईटीआई उमरी में एथलेटिक मीट

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय आईटीआई उमरी में वार्षिक एथलेटिक मीट का द्वितीय एवं अंतिम दिन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या रचना गुप्ता ने की। इस अवसर पर भाला फेंक, लंबी कूद एवं 400 मीटर दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त स्टाफ सदस्यों के लिए रस्साकशी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसने कार्यक्रम में विशेष उत्साह और रोमांच का माहौल बनाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्र वर्ग में विकास को बेस्ट एथलीट तथा छात्रा वर्ग में खुशी को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। दोनों विजेताओं को 3100 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

## पांच दिवसीय सांग उत्सव के समापन पर किए बेहतरीन मंचन

# धर्म की जीत, विराट पर्व व बणदेवी सांग से कलाकारों ने मोहा दर्शकों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा कला कीर्ति भवन की भरतमुनि रंगशाला में चल रहे पांच दिवसीय सांग उत्सव के समापन पर हरियाणा के अलग-अलग हिस्सों से आए सांग कलाकारों ने बेहतरीन सांग मंचन किये। जिसमें राजेंद्र सिंह ने बणदेवी, रमेश कुमार और रामशरण शर्मा ने धर्म की जीत, पंडित लख्मीचंद के पौत्र विष्णुदत्त कौशिक ने विराट पर्व तथा बाबूलाल सांगी ने राजा उत्तानपात का मंचन किया। सांग उत्तानपात में कलाकारों ने दिखाया कि अवधपुरी में राजा उत्तानपात राज करते हैं। जिसकी सनेहगढ़ में रानी सुनीती के साथ शादी होती है। काफी दिन बीतने के बाद उनकी कोई संतान नहीं होती। एक दिन रानी उदासी में बैठी थी कि नारदजी आते हैं और पूछते हैं कि आप उदास क्यों हैं। रानी सुनीति बताती है कि रोउ सूं रंग महल में, मेरे हुई नहीं कोई संतान तो नारद ने पति का दोबारा ब्याह करवाने की बात कही। इसके बाद रानी ने अपनी छोटी बहन सुरुचि की शादी अपने पति से करवाने के लिए अपनी मां को मनाया और बहन की शादी राजा से करवाई। लेकिन बहन इस शादी से खुश नहीं थी, क्योंकि उसकी शादी बूढ़े राजा से हो रही थी। इसका बदला लेने के लिए उसकी बहन ने राजा से बीच फेरों में चार वचन भरवाए और चौथे वचन में अपनी बहन को राजपाठ से बाहर जंगल में छोड़ने की बात मनवाली। रानी सुरूचि से राजा को संतान हो इसलिए सुनीति खुशी से जंगल में चली गई। कुछ दिन बाद राजा शिकार खेलने जाता है और रास्ते में तूफान आ जाता है। राजा तूफान से बचने के लिए रानी सुनीति की कुटिया में पनाह लेता है। जहां रात्रि मिलन से रानी सुनीति को ध्रुव के रुप में बेटा प्राप्त होता है उधर छोटी रानी से बेटा उत्तम पैदा होता है। एक दिन उत्तम का जन्मदिन होता है और राज्य में ढोल की आवाज सुनकर ध्रुव भी राजमहल में जाने की इच्छा प्रकट करता है। लेकिन उसकी मां मना कर देती है। मां की बात को अनसुना करके ध्रुव चला जाता है और जाकर राजा की गोद में बैठ जाता है। राजा जब ध्रुव से उसका परिचय पूछता है तो वह बताता है कि वह उतानपात का लडका है। मां का नाम सुनीती है जो महल में दूर रहती है। छोटी रानी ने यह सुनकर उसे राजा की गोद से नीचे गिरा दिया और कहा कि अगर गद्दी पर बैठना है तो मेरे गर्भ से पैदा होता। ध्रुव कहता है कि राज लेंगे तो भगवान से मांगेगे। इतना कहकर ध्रुव चला जाता है। महल से जाने के बाद ध्रुव भगवान की तपस्या में लीन हो जाता है और ईश्वर की भक्ति प्राप्त करने के बाद ध्रुव भगत के रूप में प्रसिद्ध होता है।



**कुरुक्षेत्र।** सांग की प्रस्तुति देते कलाकार।

### बचपन में विवाह के कारण धर्म को मिला जीवन और हुई धर्म की जीत

सांग धर्म की जीत में कलाकारों ने दिखाया कि काशी शहर में पंडित रामदयाल और उनकी पत्नी शांता देवी रहती है। उनके घर में जो भी संतान पैदा होती वो जन्म लेते ही मर जाती। तब एक ज्योतिषि पंडित रामदयाल को कहता है कि उनके घर एक लडके का जन्म होगा, अगर उस लडके के जन्म लेते ही उसका विवाह करवा दिया गया तो वह बच जाएगा। कुछ समय के बाद रामदयाल के घर में लडका पैदा होता है जिसका नाम धर्म रख दिया जाता है। बच्चे के पैदा होते ही उसका विवाह मादोपुर के पंडित की जीत नामक बडी बेटी के साथ कर दिया जाता है। धर्म और जीत जब जवान हो जाते हैं तो हैं तो जीत की अपेक्षा मादोपुर पंडित की छोटी बेटी विजया धर्म पर आकर्षित हो जाती है। सांग में अनेक कठिनाईयों के बाद धर्म अपनी पत्नी जीत से मिलता है और विजया का घमण्ड तोड़ता है। इस तरह सांग महोत्सव में अलग-अलग किस्सों से कलाकारों ने दर्शकों का मन मोहा।

## पिहोवा-कुरुक्षेत्र रोड पर 152 डी के चौक बने जी का जंजाल

**क्षेत्र में सड़कों की हालत खस्ता**



**पिहोवा।** 152 डी पर पिहोवा-कुरुक्षेत्र रोड पर बने तंग चौक व दुर्घटनग्रस्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

नेशनल हाइवे 152 डी के पिहोवा से कुरुक्षेत्र रोड पर बने दोनों चौक वाहन चालकों के लिए जी का जंजाल बने हुए हैं, दोनों चौक उचित स्थान पर न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। चौक नैशनल हाइवे 152 डी से उचित दूरी पर न होकर एक चौक पिहोवा की ओर तथा दूसरा कुरुक्षेत्र की साइड बनाए हुए है। कुरूक्षेत्र व पिहोवा की साइड कम जगह होने के कारण दोनों तरफ एकदम के मोड़ बने हुए हैं। आने वाले वाहन एकदम मोड़ में न घूमने के कारण पलट जाते है, यहां पर बड़े वाहन तो अक्सर पलटते रहते हैं तथा साइड कम होने के कारण ऐक्सिडेंट होने का खतरा हर वाहन पर बना रहता है। आज एक जीरी की बोरी से भरा ट्रक मोड़ पर पलट गया, जिससे ट्रक का काफी नुकसान हुआ। लोगो का कहना है कि इतनी दुर्घटनाओं को देख कर इस क्षेत्र को सरकार द्वारा दुर्घटना रहित्त जोन घोषित कर देना चाहिए। दूसरी ओर पिहोवा क्षेत्र की लगभग ही सड़के खस्ताहाल हो चुकी है, सड़कों पर जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। टूटी हुई सड़कों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और चालकों को वाहनों के नुकसान के साथ-साथ अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

जब इस बारे पी. डब्लयू .डी. के एस.डी.ओ. अमित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि कई सड़कों पर रिपेयर की जा रही है ओर वह जल्दी ही सभी सड़कों की रिपेयर कर देगे। इनमें कई सड़के मार्केटिंग कमेटी के अधीन है तथा जो 152 डी के कुरुक्षेत्र-पिहोवा रोड़ पर जो चौक बने वह उनके विभाग के अधीन नहीं है। नैशनल हाइवे के अधीन है जल्दी ही इस समस्या से नैशनल हाइवे के अधिकारियों को अवगत कराया देगे।

## हर्बल रंगों के साथ मनाएं सुरक्षित होली

- होली के रंग कहीं आपके स्वास्थ्य के लिए नुकसान न बन जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भारतीय संस्कृति का प्रमुख और रंगों से सराबोर त्यौहार होली भारतवर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। होली पर लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा मिठाइयां आदि खिलाकर खुशियां बांटते है। रंगो के इस महापर्व की तैयारियों को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है। इस दौरान हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की भी सख्त जरूरत है। इससे बचाव के लिए जानते हैं नगर के कुछ बुद्धिजीवी लोगों की राय। तीर्थ पुरोहित एवं नपा अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि ने कहा कि आमतौर पर रंगों से खेले जाने वाले होली के त्योहार पर लोग पानी का खूब इस्तेमाल करते हैं जिससे काफी मात्रा में पानी बर्बाद होता है।



### प्राकृतिक रंगों का करें प्रयोग

उन्होंने जल संरक्षण की महत्वता पर जोर देते हुए कहा कि प्राकृतिक रंगों से ही होली खेले तथा अनावश्यक पानी का प्रयोग न करें। पंडित प्रमोद कुमार ज्योतिषी ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द व पारस्परिक प्रेम का प्रतीक है। होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का पर्व है। यह त्योहार हमें एक-दूसरे के गिले-शिकवे भूलाकर प्रेम और अपनत्व का भाव बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आह्वान किया कि वे हुड़दंग, नशा और जबरदस्ती रंग लगाने जैसी प्रवृत्तियों से दूर रहकर कानून व्यवस्था का सम्मान करें। सरस्वती मिशन हॉस्पिटल के एम.डी. डॉ. सुदर्शन चुघ का कहना है कि बाजारों में बिकने वाले रंगों मे कई प्रकार के रासायनिक तत्व मिले होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। अतः ऐसे रंगो से स्वास्थ्य का बचाव रखें। होली खुशियों और उल्लास का पर्व है। थोड़ी सी सावधानी बरत कर इसे सुरक्षित बनाया जा सकता है। होली पर कृत्रिम और रासायनिक रंगों के बढ़ते उपयोग को देखते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम ठाकुर ने बताया कि होली के दौरान आंखों में रंग या गुलाल चले जाने से एलर्जी, जलन, संक्रमण और कॉर्निया पर खरोंच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि यदि आंखों में रंग चला जाए तो उन्हें रगड़ना नहीं चाहिए।

## सत्य कुछ समय के लिए परेशान हो सकता है पराजित नहीं : गोयल

**कुरुक्षेत्र।** शराब नीति मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई द्वारा बनाए गए केस में अदालत ने दोनों को बरी किए जाने का स्वागत करते हुए आम आदमी पार्टी लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहरलाल गोयल ने कहा कि सत्य पराजित नहीं हो सकता । सत्य कुछ समय के लिए परेशान हो सकता है। यह सत्य दिल्ली की अदालत ने सच साबित कर दिया है कि हमेशा सत्य की जीत होती है। उन्होंने कहा कि अदालत ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को ईमानदार राजनीतिक बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ जो शराब नीति के मामले में केस दायर किया गया था वह आधारहीन है। इस केस में उनके खिलाफ लगाए गए आरोप साबित नहीं होते।



## 671 लोगों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

- सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में गांव अभिमन्युपुर में लगाया 22वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में थानेसर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 22वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का गांव अभिमन्युपुर में सफल आयोजन किया गया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करने के लिए गौरव जैलदार सरपंच अभिमन्युपुर भी पहुंचे। उन्होंने शिविर में अपनी आंखों की जांच भी कराई। उन्होंने सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान की प्रसंशा करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा आयोजित कराए जा रहे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डी.पी. चौधरी वाईस चेयरमैन जिला परिषद कुरुक्षेत्र, सुनील चंद्रभानपुर मंडल अध्यक्ष, प्रिंसीपल यशपाल आर्य, महीपाल अमीन, अशोक कुमार शक्ति केंद्र, राजीव कुमार, मुकेश चौहान, सुरेंद्र सिंह, देवीदयाल शर्मा, विक्की ब्लॉक समिति सदस्य, सतबीर, सुभाष बारना, विजय कुमार, ऋषिपाल प्रजापत, अंकित गर्ग, मनोज कुमार और हल्का थानेसर प्रभारी बलबिंद्र सिंह उपस्थित रहे। शिव शक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक चले इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सहभागिता की और विभिन्न निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का 671 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर के दौरान नेत्र परीक्षण एवं उपचार, दंत परीक्षण एवं उपचार, स्त्री रोग जांच एवं परामर्श, स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग की गई।




**कुरुक्षेत्र।** शिविर में मौजूद चिकित्सक।



## भाकियू ने फूंका सरकार व ट्रंप का पुतला

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के कार्यकतार्ओं ने शुक्रवार को कृषि ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान भाकियू ने पुराना बस अड्डा के समीप केंद्र व राज्य सरकार के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका। किसान सुबह दस बजे थीम पार्क में एकत्र हुए। यहां से वह रोष मार्च निकालते हुए पुराना बस अड्ड के नजदीक फाटक पर पहुंचे और पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह मथाना ने किया। इससे पूर्व भाकियू की जिलास्तरीय बैठक हुई। बैठक में 23 फरवरी को पिपली में होने वाली प्रदेशस्तरीय रैली को लेकर पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई। इस दौरान कर्म सिंह मथाना ने कहा कि 23 मार्च को पिपली में किसान मजदूर जन क्रांति रैली रखी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से कृषि समझौते के विरोध में यह रैली बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील से सरकार ने देश की कृषि व किसानों की बोली लगा दी है। इससे देश, कृषि, किसान और अर्थ व्यवस्था पूरी तरह तबाह हो जाएगी। अमेरिका से जीरो प्रतिशत टैक्स पर सामान आयत होगा और जो सामान हमारे देश से अमेरिका जाएगा उस पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाया जाएगा। जिलाध्यक्ष कृष्ण कलाल माजरा ने कहा कि किसान अपनी जीविका चलाने के लिए खेती करते हैं, जबकि अमेरिका के देशों में खेती व्यापार के तरीके से की जाती है। अमेरिका में सैकड़ों एकड़ के किसान हैं, जबकि भारत में मात्र दो-तीन एकड़ का किसान है। भारत का किसान अमेरिका के किसान का मुकाबला नहीं कर सकता है।

## कौलापुर पैक्स के सदस्यों का सर्व सम्मति से हुआ चुनाव

*11 गांवों से 28 सदस्यों ने किया था नामांकन, 10 सदस्य सर्व सम्मति से चुने*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दि प्राथमिक सहकारी समिति पैक्स कौलापुर का चुनाव शुक्रवार को सर्व सम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव में सर्व सम्मति करवाने के लिए ब्लॉक समिति पिपली के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह चीमा ने एक कड़ी के रुप में काम किया। विक्रमजीत सिंह चीमा ने 11 गांवों के सदस्यों को अपने विश्वास में लेकर सभी सदस्यों को सर्व सम्मति से चुनने की राय ली गई। उसके बाद कर्मजीत ईशरगढ़, सुकरम सिंह कौलापुर, बलविन्द्र सिंह मोरथला, संजीव कुमार कौलापुर, संदीप कुमार दुधला, कमलनाथ मोरथला, निर्मल सिंह कौलापुर, सावित्री देवी बोडला, बलबीर सिंह खानपुर कौलियां, सुदेश कालड़ा मसाना को सर्व सम्मति से चुना गया। बता दें कि पैक्स के इस चुनाव में 11 गांवों से 28 सदस्यों द्वारा अपना नामाकंन पत्र सहायक रजिस्टार प्राथमिक सहकारी समिति कुरुक्षेत्र के कार्यालय में दाखिल करवाया गया था। जिसमें नामाकंन उठाने की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2026 थी। लेकिन ब्लॉक समिति चेयरमैन विक्रमजीत सिंह चीमा ने सभी गांवों के मौजिज सदस्यों से विचार विमर्श करके इस चुनाव को करवाने में एक अहम भूमिका निभाने का काम किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच अग्रेंज सिंह दुधला,जतिन कालड़ा मसाना,पंकज नैन ईशरगढ़,गुरप्रीत सिंह कौलापुर, कर्म सिंह दुधला, हरमेश शर्मा कौलापुर,जंगाराम बोडला, गुरपाल सिंह खानपुर कौलियां, आदि रहे।



**कुरुक्षेत्र।** दि प्राथमिक सहकारी समिति के चुने गए सदस्यों के साथ ब्लॉक समिति चेयरमैन विक्रमजीत सिंह चीमा।

## लाडवा में दो दिवसीय कृषि विकास मेला आज से, गतिशील किसान होंगे सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक दो दिवसीय कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा (कुरुक्षेत्र) में लगाया जाएगा। मेले का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे जबकि कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है,जिसका उद्देश्य किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीकों से अवगत कराना तथा कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में प्रेरित करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया है कि वे कृषि विकास मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि कृषि विकास मेले में प्रदेश के प्रत्येक जिले से एक महिला व एक पुरूष प्रगतिशील किसान को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले किसानों में करनाल के गांव टीकरी से ईलम सिंह, गांव औगंध से काजल, मण्डकोला के गांव मीरपुर कौराली से इंदिरा देवी व रमेश कुमार, हिसार के सदलपुर से रामेश्वर दास, आदमपुर से रेखा, भिवानी के गांव लोहानी से भवरजीत, गांव नाथूवास से मुन्नी बाई, यमुनानगर के गांव बहादुरपुर से रजनी, गांव खुंडेवाला से बेअंत सिंह, पानीपत के गांव उरलाना से प्रीतम सिंह, गांव बसाड़ा से पुष्पा देवी, महेन्द्रगढ़ के गांव खायरा से योगेन्द्र कुमार, गांव गुढ़ा से नीतू यादव, जींद के गांव इक्कस से निर्मला, लखमीरवाला से सुभाष चन्द, कैथल के गांव जसवंती से प्रदीप कुमार, गांव बाता से पूजा देवी, फरीदाबाद के गांव अरूआ से नीरज, गांव फैज्जुपुर खादर से सरिता, पंचकुला के गांव बड़ोना कलां से जैब, गांव बालदवाला से सुनीता देवी आदि शामिल है।

## विचार गोष्ठी में शहीद चंद्रशेखर आजाद को दी क्रांतिकारी श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** शहीद चंद्रशेखर आजाद के 96वें शहीदी दिवस के अवसर पर जनसंघर्ष मंच हरियाणा द्वारा स्थानीय कश्यप राजपूत धर्मशाला में शहीद चंद्रशेखर आजाद व उनके साथियों की विचारधारा वर्तमान समय में प्रासंगिकता' विषय पर एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंच के प्रांतीय प्रधान फूल सिंह ने की। मंच संचालन मंच सचिव सुरेश कुमार ने किया। विचारगोष्ठी में शहीद चंद्रशेखर आजाद को क्रांतिकारी श्रद्धांजलि देते हुए व उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्र संगठन एसओएसडी की संयोजिका कविता विद्रोही ने चंद्रशेखर आजाद व उनके साथियों की विचारधारा को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि मजदूर वर्ग के संघर्ष में उनकी विचारधारा मार्गदर्शन का काम करती है। वर्तमान सरकारें उन्हें सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम तक सीमित करके देखती हैं लेकिन वह मजदूर वर्ग की सत्ता के हिमायती थे। उनका लक्ष्य मात्र अंग्रेजों से मुक्ति दिलाकर भारतीय पूंजीपति वर्ग को सत्ता पर बैठाना नहीं बल्कि मजदूर-किसान को सत्ता पर बिठाना था। उन्होंने यूजीसी द्वारा शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए जारी गाइडलाइंस को लागू किए जाने की मांग रखते हुए कहा कि यह एक लंबित आवश्यक कदम था। मोदी सरकार ने एक तरफ तो एससी-एसटी-ओबीसी- महिला व अल्पसंख्यक वर्ग के वोट बटोरने के लिए गाइडलाइंस को जारी कर दिया लेकिन उनका उद्देश्य इन्हें लागू करना नहीं था। इसीलिए जब सुप्रीम कोर्ट में इन गाइडलाइंस पर स्टे लगाया गया तो सरकार ने इन गाइडलाइंस को डिफेंड तक नहीं किया।



## शिविर में 27 लोगों ने किया रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** द्रोणाचार्य डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट की ओर से प्राचार्य डॉक्टर अरुण पुनियानी के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार वर्मा (प्रभारी, जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास, एनसीबी हरियाणा) रहे। शिविर में एलएनजेपी अस्पताल के रक्त कोष प्रभारी डॉक्टर दीक्षा के दल ने रक्तदान संग्रहित किया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर अरुण पुनियानी, कॉलेज प्रबंधन समिति के सदस्यों और मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्यातिथि डॉ. वर्मा ने बताया कि वे वर्ष 1989 से अब तक 182 बार स्वेच्छा से रक्तदान तथा 89 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं।

## जयराम कन्या महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन

# बीबीए फाइनल की छात्रा प्रज्ञा बनी बेस्ट एथलीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देशभर में संचालित जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय के परिसर में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने गुब्बारे छोड़ कर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 100 मीटर, 200 मीटर, शॉट पुट, थ्री लेग रेस, बोरी रेस, लांग जम्प और लेमन रेस आयोजित की गई। 100 मीटर रेस में प्रज्ञा प्रथम स्थान पर, सीमा द्वितीय स्थान पर, साक्षी तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर रेस में प्रज्ञा प्रथम, सीमा द्वितीय, आरजू तृतीय स्थान पर रही।




**कुरुक्षेत्र।** जयराम कन्या महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद महोत्सव अवसर पर खिलाड़ी छात्राएं।

### बोरी रेस में सलोनी प्रथम

बोरी रेस में सलोनी प्रथम, आरती द्वितीय, खुशबू तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट में प्रज्ञा प्रथम, सलोनी द्वितीय, जिया तृतीय स्थान पर रही। थ्री लेग रेस में आरजू व प्रज्ञा प्रथम, अनु व जिया द्वितीय, काजल व ज्योति तृतीय स्थान पर रही। लॉन्ग जंप में आरजू प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय, सीमा तीसरे स्थान पर रही। लेमन रेस में नीतू प्रथम, भूमि द्वितीय, सृष्टि तृतीय स्थान पर रही। बीबीए फाइनल की छात्रा प्रज्ञा को बेस्ट एथलीट चुना गया। प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया एवं खेलकूद के क्षेत्र में सशक्त भागीदारी दिखाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जयराम संस्थाएं छात्राओं को खेलकूद संबंधी सारी सुविधाएं मुहैया कराती है ताकि छात्राएं इस क्षेत्र में आगे बढ़ सके और महाविद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले एवं हरियाणा का नाम भी स्वर्णिम पटल पर चमका सके। उन्होंने खेल क्षेत्र में प्राप्त विशिष्ट उपलब्धियों के लिए छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया।

# खिलाड़ियों को 'ग्रैंड स्लैम' तोहफा, अम्बाला क्लब में बनेंगे दो 'अल्ट्रा-मॉडर्न सिंथेटिक टर्फ लॉन टेनिस कोर्ट'

## अम्बाला छावनी में टेनिस का नया दौर, डे-नाइट मैच सुविधा, विज ने 50 लाख रुपये की राशि जारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि खेलों में अपनी अलग पहचान रखने वाले अंबाला छावनी में अब "लॉन टेनिस" के खिलाड़ियों व शौकीनों के लिए भी एक नया ठिकाना बनने जा रहा है। ऊर्जा मंत्री ने खिलाड़ियों को बड़ी खुशबरी देते हुए कहा कि अम्बाला छावनी में आधुनिक सुविधाओं से लैस "दो नए आधुनिक सिंथेटिक टर्फ लॉन टेनिस कोर्ट" का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों आधुनिक लॉन टेनिस कोर्ट अंबाला छावनी में वॉर हीरोज मेमोरियल स्टेडियम के ठीक साथ अंबाला क्लब परिसर में "अल्ट्रा मार्डन तकनीक" से बनाए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने टेनिस कोर्ट निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की राशि अपने अपने स्वैच्छिक कोष से नगर परिषद को जारी कर दी है। बहुत जल्द दो लॉन टेनिस कोर्ट का निर्माण किया जाएगा जिससे लॉन टेनिस के शौकीनों व खिलाड़ियों को खेलने का लाभ मिलेगा। इन कोर्ट्स की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा मिलेगा, जिससे न केवल अभ्यास की गुणवत्ता सुधरेगी बल्कि भविष्य में यहां प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा सकेगा।



### ये सुविधाएं मिलेंगी खिलाड़ियों को

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि योजना के अनुसार टेनिस कोर्ट्स को आधुनिक मानकों पर तैयार किया जा रहा है जिनमें यह सुविधाएं होगी। डे-नाइट मैच की सुविधा : कोर्ट्स में हाई-मास्ट एलईडी फ्लड लाइट्स लगाई जाएंगी। इससे खिलाड़ियों को गर्मियों के दिनों में कड़ी धूप से राहत मिलेगी और खिलाड़ी रात के समय भी अभ्यास और मैच खेल सकेंगे।

सिंथेटिक टर्फ सर्फेस : मिट्टी के पारंपरिक कोर्ट्स की जगह यहां पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का 'सिंथेटिक हार्ड कोर्ट' बनाया जाएगा, जो खिलाड़ियों के घुटनों के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ गेंद को सही उछाल प्रदान करता है।

दर्शकों के बैठने का इंतजाम : मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए यहां दर्शकों व स्पोर्ट स्टाफ के बैठने की उचित व्यवस्था की जाएगी। इससे स्थानीय स्तर पर टेनिस की लोकप्रियता बढ़ेगी। विज ने कहा कि अंबाला क्लब में सरकारी सिंथेटिक कोर्ट्स के बनने से हर वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को एक किफायती और प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म मिलेगा। नए टेनिस कोर्ट्स न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देंगे, बल्कि हरियाणा से टेनिस जगत के अगले 'लिएंडर पेस, 'महेश भूपति', 'सानिया मिर्जा', 'रोहन बोपन्ना' जैसे खिलाड़ी निकल पाएंगे। उनहोंने कहा कि खेलों में अंबाला छावनी विश्व स्तरीय सुविधाओं को छू रहा रहा। वार हीरोज स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय स्तर का फीफा एप्रूव्ड फुटबॉल स्टेडियम, ऑल वेदर स्वीमिंग पूल, जिम्नास्टिक हॉल, बैडमिंटन हॉल, शूटिंग रेंज के बाद टेनिस कोर्ट का यह प्रोजेक्ट अम्बाला छावनी को हरियाणा की 'स्पोर्ट्स सिटी' के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम है।

## खबर संक्षेप

### फसल बीमा योजना महत्वपूर्णः डॉ. जसविंद्र

**अंबाला।** उपनिदेशक कृषि एवं कल्याण विभाग के डॉ. जसविंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व सामान्य फसल सर्वेक्षण आंकलन जो कि भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजनाएं है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मौजूदा सीजन रबी 2025-26 में फसल गेंहू जौ, सरसों, चना तथा सूरजमुखी फसलों के बीमे का प्रावधान है जिसके तहत प्रत्येक गांव में चार-चार फसल कटाई प्रयोग व सामान्य फसल सर्वेक्षण आंकलन के तहत चयनित गांव में गेंहू, सरसों, तथा सूरजमुखी के दो-दो फसल कटाई प्रयोग कृषि विभाग द्वारा किए जाते है।

### सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में चल रहा एनएसएस कैंप सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. बाबा वजराला पहुंचे। प्राचार्य डॉ. रणवीर कौशल ने उनका स्वागत किया। स्वयं सेवकों ने अपने अनुभव सांझा किए तथा देश की उन्नति में भाग लेने एवं समाज का जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ ली।

### विधायक अत्री ने बदले राजनीति के मायने

**उचाना।** भाजपा नेता एडवोकेट अजय अलीपुरा ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने उचाना में राजनीति के मायनों को बदलने का काम किया। वीवीआईपी कल्चर को उचाना में समाप्त कर दिया है। पहले जो विधायक बनते थे उनसे मिलने के इंतजार करना पड़ता था या हजारों खर्च कर चंडीगढ़, दिल्ली जाना पड़ता था। यहां भी मिलने के लिए लाइनों में लगना पड़ता था। मिलने के बाद मूड देखना पड़ता था। अब जो विधायक मिला उससे मिलने के लिए न लाइनों में लगना पड़ता है न ही मूड देखना पड़ता था।

### एसडी कॉलेज में एक मार्च को हिंदू सम्मेलन

**उचाना।** एक मार्च को एसडी महिला कॉलेज उचाना मंडी के प्रांगण में सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सुरेंद्र ने बताया कि स्वामी वजीरानंद महाराज प्रबंधक बाबा फुल्लू साध गौशाला उचाना खुर्द के सान्निध्य में ये सम्मेलन होगा। अध्यक्षता पं. देशराज खरकभूरा करेंगे।

### तिरंगे का सम्मान करना सभी का नैतिक दायित्व

**जींद।** विभिन्न अवसरों एवं त्यौहारों पर सभी देशवासी पूरी उमंग व उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हैं। अब अगर किसी स्थान पर फटे, कटे व रंग उड़े हुए राष्ट्रीय ध्वज हैं तो उनके स्थान पर नया राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। फटे, कटे व रंग राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान के साथ निस्तारण करना होता है। अगर कोई नियमानुसार राष्ट्रीयध्वज निस्तारण करने में सक्षम नहीं है तो उक्त ध्वज को नजदीक के तहसीलदार कार्यालय में जमा करवा दें।

## भानोखेड़ी में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में बह रही है विकास की बयार

- कार्यक्रम में डीसी समेत सभी विभागों के अधिकारी रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत गांव भानोखेड़ी के सामुदायिक भवन में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला व उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने भानोखेड़ी गांव के साथ-साथ आस पास के गांवों के ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का काम किया। यहां पहुंचने पर गांव के सरपंच अमनप्रीत सिंह, डिंपल मास्टर व अन्य गणमान्य लोगों ने पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, उपायुक्त अजय सिंह तोमर व जिला अध्यक्ष मनदीप राणा को पुष्पगुच्छ देकर व शाल भेंट कर उनका यहां पहुंचने पर भव्य अभिनन्दन किया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और उनकी एक अनूठी पहल है। इतना ही नहीं वे स्वयं समाधान शिविरो में प्राप्त होने वाली शिकायतों के बारे में जानकारी हासिल करते हैं कि कौन सी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं और उनका निवारण कैसे हो रहा है। इसी कड़ी में आज गांव भानोखेड़ी के सामुदायिक भवन में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें जिले के सभी अधिकारीगण मौजूद रहते हैं जिन्हें मौके पर ही शिकायत मार्क करने का काम करते हुए उनका निवारण करने की दिशा में दिशा-निर्देश भी दिए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीन दयाल उपाध्याय की विचारधारा के अनुरूप अंतिम छोर में बैठे योग्य व्यक्ति को योजनाओ का लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज जितनी भी योजनाएं हैं उनका लाभ लोगों को सुगमता से मिल रहा है।

पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व्यक्तित्व के धनी हैं। कोई भी व्यक्ति उनसे निसंकोच मिल सकता है। रात को भी वह लोगों की समस्याएं सुनते हैं। मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में विकास कार्यों की ब्यार बह रही है। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान सरकार आपके द्वार पर आकर लोगों की समस्याएं सुन रही है वहीं उनका समाधान करने की दिशा में भी कार्य कर रही है।




अंबाला। ग्रामीणों की समस्याएं सुनते पूर्व राज्यमंत्री व मौजूद लोग।

### लोगों ने ये रखी शिकायतें

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत गांव भानोखेड़ी के गुरदर्शन ने बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल दिलवाने , गांव भानोखेड़ी के ही विनोद कुमार ने पेयजल संबंधी पाईप लाइन बिछवाने , राम सिंह ने गांव तर में बिजली का खंबा हटवाने , प्रेम सिंह ने उसके घर की तरफ जाने वाले रास्ते को पक्का करवाने , मोहन सिंह मोना ने नाले का निर्माण करवाने , ग्राम पंचायत भानोखेडी से आए प्रार्थियों ने कूडा-कर्कट के लिए स्थान उपलब्ध करवाने बारे, गुरनामो देवी ने फैमिली आईडी में त्रुटि ठीक करवाने , संदीप कुमार ने राशन कार्ड बनवाने , एक बुजुर्ग महिला ने इंतकाल से की समस्या , बहबलपुर से भानोखेडी तक सडक़ बनवाने , गांव के कुछ लोगों ने राशन वितरण संबधी समस्या , गांव के कुछ युवकों ने वॉलीवाल की किट उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अन्य प्रार्थियों ने लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी-अपनी शिकायतें राज्यमंत्री के समक्ष रखी।

### समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर ग्रामीणों को आश्वास्त किया कि जितनी भी समस्याएं यहां प्राप्त हुई है उन सभी का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी विभागों के अधिकारी इस रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपस्थित रहकर मौके पर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्या का निदान करने का काम करते हैं। इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला का स्वागत करते हुए कहा कि रात्रि प्रवास के तहत जो शिकायतें प्राप्त हुई है उन सभी शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद् गगनदीप सिंह, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीएसपी विजय कुमार, जीएम रोडवेज अश्विनी डोगरा, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालडा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा, कार्यकारी अभियन्ता बिजली निगम हरीश गोयल, कार्यकारी अभियन्ता कृष्ण भुक्कल, कार्यकारी अभियंता साहिल शर्मा, कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग कर्णबीर सिंह, बीडीपीओ किन्नी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र उगाड़ा, रघुबीर नडियाली, सरपंच अमनप्रीत सिंह, पूर्व सरपंच सुरेन्द्र, टेकचंद आदि रहे।



बराड़ा। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## रंजिश में अपहरण कर बेरहमी से पीटने का आरोपी दबोचा

- पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल गाड़ी बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

कलालटी पुलिस ने अपहरण और जानलेवा हमले के सनसनीखेज मामले का खुलासा कर वारदात के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रंजिश के चलते रची गई इस साजिश में आरोपियों ने युवक का अपहरण कर उसे बेरहमी से पीटा और मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस के अनुसार 26 फरवरी 2026 को गांव रामगढ़ (मुलाना) के बलविंदर सिंह ने शिकायत दी कि 25 फरवरी की शाम आरोपी मोहित कुमार अपने साथियों के साथ मिलकर उसे जबरन गाड़ी में डालकर ले गया। आरोप है कि रास्ते में उसे बंधक बनाकर लाठियों और मुक्कों से बुरी तरह पीटा गया। हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से गंभीर चोटें पहुंचाईं और बाद में उसे बेसुध हालत में छोड़कर फरार हो गए। शिकायत मिलते ही थाना मुलाना में अपहरण, जानलेवा हमला और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया सूचना के आधार पर दबिश दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहित कुमार को धनौरा मोड़, मुलाना रोड से गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयुक्त गाड़ी भी पुलिस ने बरामद कर ली है। जांच में सामने आया है कि हमले की जड़ रंजिश है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पहले भी मारपीट के मामले दर्ज हैं। अदालत ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड के दौरान पुलिस अन्य फरार साथियों की तलाश और साजिश की पूरी कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

### चिह्नित अपराधों को लेकर हुई मीटिंग

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में चिन्हित अपराध व एससीएसटी एक्ट केसों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, जेल अधीक्षक सतविंद्र गोदारा, अभियोजन विभाग के उपनिदेशक अश्विनी चौधरी व जिला न्यायवादी जंग सिंह बहादुर मौजूद रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने चिन्हित अपराध के तहत जिला न्यायवादी से एंजेडें के तहत तमाम केसों के बारे बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने जिला न्यायवादी से कानूनी प्रक्रिया के तहत चिन्हित अपराधों के साथ-साथ अन्य केसों की न्यायालयों में जो प्रगति है उसकी जानकारी हासिल की।

## मुख्यमंत्री आज कड़ासन में करेंगे स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

- कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 28 फरवरी को दोपहर 2 बजे गांव कड़ासन में आयोजित एक गरिमामय समारोह में महान संत, विचारक और युवा प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है तथा बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति की संभावना जताई जा रही है।इस संबंध में जानकारी देते हुए विवेकानन्द उत्थान समिति के प्रधान जसवीर सिंह ने बताया कि यह भव्य कार्यक्रम समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियां पिछले कई दिनों से जोर-शोर से चल रही हैं और आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, ताकि वे स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा ग्रहण कर सकें।जसवीर सिंह ने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने अल्पायु जीवन में भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, मानवता और युवाशक्ति के महत्व को वैश्विक मंच पर स्थापित किया।

### बलराम को बनाया सिरसगढ़ शक्ति केन्द्र प्रमुख

**मुलाना।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा शक्ति केंद्रों में नियुक्तियां की गई। जिसके तहत सिरसगढ़ मंडल के मनका शक्ति केंद्र की सहशक्ति प्रमुख प्रीति सैनी, सिरसगढ़ शक्तिकेंद्र के प्रमुख बलराम, सहशक्ति केंद्र प्रमुख सुरेश पाल को बनाया गया। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता जसविंद्र सोहाता को तंदवाली शक्ति केन्द्र प्रमुख और सह प्रमुख मनदीप राणा को बनाया गया। इसी प्रकार उगाला शक्ति केन्द्र प्रमुख संजीव पाल और सहशक्ति केन्द्र प्रमुख रामेश्वर को बनाया गया है। यह नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू होंगी। सभी पदाधिकारियों ने हाईकमान का आभार जताते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि वह पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे और पार्टी को मजबूती लाने के लिए कार्य करेंगे।

## अमेरिका भेजने के नाम पर 31.50 लाख की ठगी, एक ही परिवार के चार लोगों पर केस दर्ज

- पूरे पैसे लेने के बावजूद आरोपियों ने परिवादी के भतीजे को न विदेश भेजा न पैसे वापस किए, अब पुलिस कर रही है मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

विदेश भेजने के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रिश्तेदारों ने ही एक व्यक्ति से उसके भतीजे को कनाडा और अमेरिका भेजने के नाम पर 31.50 लाख रुपये की बड़ी ठगी की गई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक ही परिवार के तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव शहजादपुर के रोहताश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेरोजगार भतीजे रवि चौहान को विदेश भेजना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात यमुनानगर के विनोद कुमार से हुई। वह अभी जिरकपुर (पंजाब) में रह रहा है। विनोद ने अपनी पत्नी नीलम चौहान और दो बेटों ध्रुव सिंह व आदित्य के साथ मिलकर पीड़ित को झांसा दिया कि उनकी विदेशों में एजेंटों से अच्छी सैटिंग है।

शिकायत के अनुसार आरोपियों ने कुल 35 लाख रुपये का सौदा तय किया। सितंबर 2023 से लेकर जुलाई 2025 के बीच आरोपियों ने फाइल चार्ज, वीजा प्रोसेस और लेबर मार्केट इंपेक्ट असेसमेंट दस्तावेजों के नाम पर पीड़ित से अलग-अलग किश्तों में करीब 31,50,000 रुपये वसूल लिए। यह रकम कुछ नकद और कुछ बैंक ट्रांसफर के जरिए ली गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे विश्वास में लेने के लिए जाली कागजात और फर्जी बॉयोमेट्रिक तक करवाए। जब लंबे समय बाद भी वीजा नहीं लगा और पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने यहां तक कह दिया कि उनकी राजनैतिक पहुंच बहुत ऊपर है। पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। पुलिस की कार्रवाई पुलिस ने इस मामले में विनोद कुमार, नीलम चौहान और उनके बेटों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### साइबर फ्रॉड को लेकर किया जागरूक

**अंबाला।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रवीन के मार्ग दर्शन में डीएलएसए की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाड़ा-बाड़ा में पैनल अधिवक्ता साहिल आर्य के सहयोग से इस जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पैनल अधिवक्ता साहिल आर्य ने बच्चों को साइबर अपराधों से बचने एव उनके नुकसान के बारे में बताते हुए कहा हुए कि डिजिटल युग में इंटरनेट और तकनीक हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं। इसके साथ ही साइबर अपराध के मामलों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है और लोगों को सतर्क रहने के लिए किया चेताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## राज्य निर्वाचन आयुक्त को चुनावी मामलों के जानकार ने भेजी शिकायत

# नगर निगम चुनाव में एसडीएम को चुनावी ड्यूटी न देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के सेक्टर 7 वासी एवं पंजाब एवं हाईकोर्ट एडवोकेट और चुनावी मामलों के जानकार हेमंत कुमार हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त देविंदर सिंह कल्याण को लिखकर अंबाला शहर में गत करीब साढ़े तीन वर्षों से बतौर एसडीएम के तौर पर निरंतर तैनात दर्शन कुमार को अंबाला नगर निगम चुनाव में किसी भी प्रकार की चुनावी ड्यूटी न देने की सार्वजनिक अपील की है। उन्होंने अपने पत्र की एक कॉपी सरकार के मुख्य सचिव




अनुराग रस्तोगी भो भी भेजी है। सनद रहे कि करीब साढ़े तीन वर्ष पूर्व सितंबर, 2022 के तीसरे सप्ताह दौरान सरकार दर्शन कुमार को उपमंडल अधिकारी (नागरिक) के पद पर तैनात किया गया था। उनके पास अगस्त, 2024 से अंबाला शहरी विकास प्राधिकरण के एस्टेट आफिसर का भी अतिरिक्त कार्यभार है।हेमंत ने बताया कि गत वर्ष 24 सितंबर 2025 को अंबाला जिला परिषद के प्रेसिडेंट (अध्यक्ष) की पिछले वर्ष अगस्त माह में रिक्त घोषित हुई सीट के भरने के लिए कराये गए ताज़ा चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ.) की ज़म्मिदारी निभाते हुए शहर के एसडीएम. दर्शन कुमार ने डेढ़ वर्ष में एक-एक कर अंबाला में कराए गए विभिन्न चार चुनावों में निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभाकर एक प्रकार का रिकॉर्ड कायम किया।

### चुनावी जिम्मेदारियां

सर्वप्रथम अप्रैल-मई, 2024 में मौजूदा 18वीं लोकसभा आम चुनाव के दौरान दर्शन कुमार ने अंबाला संसदीय (लोकसभा) सीट के अंतर्गत पड़ने वाले कुल 9 विस क्षेत्रों में से एक अंबाला शहर विस क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ.) के तौर पर उस चुनाव में भूमिका निभाई। तत्पश्चात सितंबर-अक्तूबर, 2024 में वर्तमान 15वीं हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के दौरान दर्शन कुमार ने अंबाला शहर विस. क्षेत्र के आर.ओ. के तौर पर भूमिका निभाई। दर्शन ने अपने हस्ताक्षर से अंबाला विस. सीट से निर्वाचित विधायक कांग्रेस के चौधरी निर्मल सिंह मोहड़ा को निर्वाचन सर्टिफिकेट दिया था। इसके बाद गत वर्ष फरवरी-मार्च, 2025 में अंबाला नगर निगम के मेयर पद के लिए उपचुनाव में भी दर्शन कुमार को उस चुनाव का आरओ. बनाया गया एवं उन्होंने अपने हस्ताक्षर से उस चुनाव में विजयी हुई भाजपा की शैलजा सचदेवा को इलेक्शन सर्टिफिकेट दिया था।

### दर्शन कुमार का सेवा विवरण

हेमंत ने दर्शन कुमार के सेवा करियर के बारे में बताया कि वह सीधी भर्ती से एचसीएस. में नियुक्त अधिकारी नहीं हैं बल्कि वर्ष 2019 में वह रजिस्टर ए-1 अर्थात तहसीलदार/जिला राजस्व अधिकारी (डीआरओ) वर्ग के कोटे से एचसीएस. अधिकारी बने थे। एसडीएम पद पर तैनाती से पूर्व दर्शन कुमार यमुनानगर जिले में जगाधरी उपमंडल में भी एक वर्ष तक एसडीएम तैनात रहे थे। दर्शन अगले वर्ष अक्तूबर, 2027 में सरकार की सेवा से रिटायर होंगे।